उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

ANTF और रिफाइनरी पुलिस को बड़ी सफलता, हाईवे पर सवा करोड़ का 250 किलो गांजा पकड़ा, तीन तस्कर गिरफ्तार।



संवाददाता हरिपाल सिंह उड़ीसा के ब्रह्मपुर से कंटेनर में भरकर ला रहे थे गांजा, यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर शमशेर को देनी थी खेप। मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) आगरा यूनिट और थाना रिफाइनरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनएच-2 हाईवे पर बड़ी बरामदगी की है।पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना रिफाइनरी क्षेत्र में घेराबंदी कर एक कंटेनर *नंबर HR 73B 2186* को रोका। तलाशी के दौरान कंटेनर से *250 किलोग्राम अवैध गांजा* बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग *1 करोड़ 25 लाख रुपये* बताई जा रही है।मौके से कंटेनर के अलावा मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की गई है।इस मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है -*1. सतीश कुमार पुत्र पदम सिंह, निवासी मोहम्मदपुर, थाना पिनगवां, जिला नूंह (मेवात)**2. नासिर पुत्र वसीर, निवासी शहजादपुर, थाना पिनगवां, जिला नूंह (मेवात)**3. आशिफ पुत्र अब्दुल करीम, निवासी मोहम्मदपुर, थाना पिनगवां, जिला नूंह (मेवात)*पूछताछ में अभियुक्त सतीश ने बताया कि वह दिनांक 17.10.2026 को अपने साथियों के साथ खाली कंटेनर लेकर उड़ीसा के ब्रह्मपुर में अपने परिचित जितेंद्र के पास गया था।

एक नज़र में

बरौली में रामलीला के दूसरे दिन हुआ श्रीराम जन्म का मार्मिक मंचन।
आईपीएस नीरज जादौन जी पिता की हत्या के बाद 22 लाख की नौकरी छोड़ बने जांबाज पुलिस अफसर अलीगढ की शान कप्तान।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

बरौली में रामलीला के दूसरे दिन हुआ श्रीराम जन्म का मार्मिक मंचन।



संवाददाता हर्ष राठी बरौली। कस्बे में आयोजित श्री जानकी रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का भावपूर्ण एवं मार्मिक मंचन किया गया। रामलीला कमेटी के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मंचन के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।लीला के अनुसार राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जबकि रानी कैकेयी के यहां भरत और रानी सुमित्रा के यहां लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का समाचार मिलते ही राजा दशरथ सहित पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई।

देश

आईपीएस नीरज जादौन जी पिता की हत्या के बाद 22 लाख की नौकरी छोड़ बने जांबाज पुलिस अफसर अलीगढ की शान कप्तान।



संवाददाता हर्ष राठी उत्तरप्रदेश जिला जालौन के नौरेजपुर गांव के मूल निवासी आईपीएस नीरज कुमार जादौन आज अलीगढ़ के एसएसपी हैं। उनकी कहानी संघर्ष और संकल्प का अद्भुत उदाहरण है।1 जनवरी 1983 को कानपुर में जन्मे नीरज कुमार जादौन ने मीट्रिक,10+2 हिन्दी मीडियम से पास करने उपरांत आईआईटी बीएचयू से बीटेक कर ब्रिटिश टेलीकॉम, बेंगलुरु में 22 लाख पैकेज की नौकरी की।लेकिन 6 दिसंबर 2008 को जमीन विवाद में पिता नरेंद्र सिंह जादौन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस रवैये से निराश नीरज कुमार जादौन ने ठान लिया कि वे खुद वर्दी पहनकर न्याय दिलाएंगे।नौकरी के साथ तैयारी करते हुए पहले दो प्रयासों में असफल रहे, मगर तीसरे प्रयास में 140वीं रैंक हासिल कर आईपीएस बने।